<u>सूचना का अधिकार/शीर्ष प्राथमिकता</u>
<u>संख्या-5/ज0सू0-123/30-2-13</u>

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय
उप सचिव एवं जनसूचना अधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 03 दिसम्बर, 2013

विषय:- मा0 राज्य सूचना आयोग में दर्ज शिकायत संख्या-एस-9-4226/सी/2012 श्री नीतेश कुमार त्रिपाठी बनाम जनसूचना अधिकारी, प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, लखनऊ में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि 05-12-2013 को उपस्थित होने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0 की नोटिस संख्या-एस-9-4226/सी/2012/20/10933, दिनांक-11-11-2013 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि श्री नीतेश कुमार त्रिपाठी के आवेदन पत्र दिनांक-30-07-2012, 05-08-2013, 06-08-2012, 07-08-2012 व 17-09-2012 सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने हेतु जनसूचना अधिकारी, परिवहन निगम एवम् प्रबन्ध निदेशक को आपको सम्बोधित कर प्रेषित किये गये थे। शासन से सूचना नहीं मांगी गयी थी।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 राज्य सूचना आयोग में दिनांक-05-12-2013 को सुनवाई के समय समस्त अभिलेख/सूचना सहित किसी अभिज्ञ अधिकारी को पूर्वान्ह 10:00 बजे मा0 राज्य सूचना आयोग में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक:- यथोक्त।</u>

भवदीय,

(संजय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव एवं जनसूचना अधिकारी।

<u>संख्या-ज0सू0-123(1)/30-2-13 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि सचिव, राज्य सूचना आयोग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया मा0 आयोग को स्थिति से अवगत कराना चाहें।

आज्ञा से,

(संजय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव एवं जनसूचना अधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in